मिंडा ने किया एक्सिस का अधिग्रहण

शाह टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। मिंडा ग्रुप ने आज कोएंजन, जर्मनी की एक्सिस के अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी करने की घोषणा की। एक्सिस, कोएंजन दरअसल, जर्मनी की अग्रणी विशेषज्ञ कंपोजिट मोल्डिंग निर्माता है और यह डेमलर, वॉक्सवेगन ग्रुप, रेनॉ, पीएसए, जीएम आदि की प्रमुख कलपुर्जा सप्लायर है। ग्रुप ने परिसंपत्ति सौदे को अंतिम रूप देते हुए एक्सिस प्लांट कोएंन का 100 प्रतिशत अधिग्रहण किया और अब इसका नाम मिंडा शैंक प्लास्टिक सॉल्यूशंस प्लांट कोएंजन रखा गया है।

अधिग्रण के बारे में अशोक मिंडा, चेयरमैन, अशोक मिंडा ग्रुप ने 'एक्सिस, कोएंजन का अधिग्रहण ग्लोबल ऑटो कंपानेंट उद्योग में अपनी स्थिति को मजबूत करने और महत्वपूर्ण कंपनी के तौर पर साख बनोन की हमारी रणनीति का अहम हिस्सा है। एक्सिस की तकनीकी श्रेष्ठता और मिंडा की प्रबंधन दक्षता तथा यूरोप एवं भारत में मौजूदगी की बदौलत यूरोप समेत दुनिया भर में हमारे वर्तमान और नए ग्राहकों को जबर्दस्त लाभ पहुंचेगा।